**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 19.05.2020**

**लॉकडाउन में अगर आप है बीमार, तत्काल फोन नम्बर–7355335903 पर पाये उपचार।**
**लॉकडाउन मे कोई समस्या है कृपया कन्ट्रोल रूम सम्पर्क करे,**
**फोन नम्बर–05842–225437 तथा– 7355338008**

- **कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु सफाई कर्मचारियों को फेस मास्क,हैण्ड सोप आदि सामग्री मा0 राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि द्वारा वितरित किये गये।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार हनुमतधाम में संचालित कम्यूनिटी किचन में तैयार कर फूड पैकेट असहाय व्यक्तियो को वितरित किये जा रहे है।**
- **नगर निगम में टेलीमेडिसिन द्वारा चिकित्सीय परामर्श के लिये मोबाईल फोन नं0 7355335903 पर करें फोन।**
- **नगर निगम की सेवायें या अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये 24 घन्टे कन्ट्रोल रूम के फोन नं0 05842–225437 तथा 7355338008 पर करें फोन।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार "कपि एंव श्वान सेवा" के अन्तर्गत नगर में बन्दरों अन्य पशुओ को खाद्य पदार्थ खिलाये गये।**

1–कोरोना कोविड–19 वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु आज दिनांक 19.5.2020 को सफाई जोन–2 में मा0 राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 मंत्री श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि जी एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम द्वारा कोराना योद्धाओं/सफाई कर्मचारियों को फेस मास्क,हैण्ड सोप आदि सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मा0 मंत्री श्री सुरेन्द्र नाथ बाल्मीकि जी द्वारा सभी सफाई कर्मचारियो से अपील की गई कि सफाई कार्य करते समय फेस मास्क,बूट का उपयोग, हैण्ड सोप से समय–समय पर हाथ धोते रहे एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन अवश्य करे। जिससे कोरोना कोविड–19 के संक्रमण से बचाव किया जा सके।

2–नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। आज सफाई जोन–1 डी0एम0 कम्पाउन्ड में बने नाले तथा रेलवे स्टेशन रोड से महिला थाना के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में ईदगाह रोड लखिया मोड के पास बने नाले तथा अंजान चौकी से अंटा रोड पर सारा अस्पताल के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 आनन्दपुरम कालोनी निकट गर्रा नदी के पास एवं बंकाघाट से हनुमतधाम मन्दिर तक डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में दुर्गा टाकीज महमंद गढी एवं अजीजगंज में बिहार बस्ती के सामने बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के सरायकॉइया के पास बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया तथा सफाई जोन–रौजा के आदर्श नगर कालोनी में लालू तिवारी की पुलिया के पास छोटे/डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

Generated by CamScanner

3– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 19.05.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य**–हयातपुरा, बिजलीपुरा, नूरूल मदरसा, हनुमतधाम मन्दिर, दुर्गा कॉलोनी, शिव कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, आन्नदपुरम कॉलोनी, अहमदपुर निवाजपुर, एस0बी0आई0 बैंक,ए0टी0एम0, अन्तयेष्टि स्थल, रेयान इण्टरनेशनल स्कूल, दीवान जोगराज, दलेलगजं, वजीरगजं, अब्दुल्लागजं, रैन बसेरा, तारीन बहादुरगजं, बहादुरगजं, इस्लामिया इण्टर कॉलेज, बीबीजई, कचहरी, सेठ इन्कलेव, जज साहब का बंगला, खिरनीबाग, रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्र एवं **फागिंग का कार्य**–सराय काइँया, पालिटेक्निक कॉलेज, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, मुमुक्ष आश्रम, रैन बसेरा, अजीजगंज, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन, एन0टी0आई0, सदर बाजार, मोहनगंज, बाडूजई द्वितीय, आन्नदपुरम कॉलेनी, एबीरिच इण्टर कॉलेज, देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज, कोतवाली के पास की गली में कराया गया।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत को देखते हुये रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य **कल दिनांक 20.05.2020 रोस्टर के** अनुसार हाथीथान,गदियाना, बाडूजई पेशावरी,चमकनी,बहादुरगंज,रंगीन चौपाल,मामूड़ी,बारादरी, तारीन बहादुरगंज,कटियाटोला,खिरनीबाग,बृज बिहार, बिजलीपुरा, सिन्जई अकब मस्जिद कॉच,कच्चा कटरा, दिलावरगंज, तिराही, वाजिदखेल, मानजूई, जियाखेल, महमन्दगढ़ी, अहमदपुर रेती, विजयपुर रेती,हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल फत्तेपुर रेती तक में कराया जायेगा।

4– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार असहाय व्यक्ति एवं महामारी के कारण लॉकडाउन की अवधि प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के रहने, भोजन आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा हनुमतधाम में किया जा रहा है। स्थल पर सामुदायिक किचन संचालित हो रही है यहॉ तैयार लन्च पैकट को सेल्टर होम मे आने वाले असहाय व्यक्तियों के साथ–साथ शहर के विभिन्न भागों में नगर निगम के प्रवर्तन दल के द्वारा असहाय एवं भूखे लोगो को वितरित किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सेल्टर होम में नोडल अधिकारी मुख्य अभियन्ता (सिविल) के साथ–साथ 03 शिफ्ट में अवर अभियन्ता/इंचार्ज श्री विक्रमाजीत यादव,श्री उमेश कुमार, अवर अभियन्ता (जल),श्री सूरज प्रजापति,अवर अभियन्ता (जल) को तैनात किया गया। नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया कि सेल्टर होम मे रहने,खाने, पेयजल,सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखें। नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों पर असहाय लोगों के मध्य लन्च पैकट का वितरण किया गया। इसके साथ–साथ नगर आयुक्त महोदय द्वारा सेल्टर होम की साफ–सफाई,पेयजल व्यवस्था,बेड–बिस्तर की व्यवस्था के साथ खानपान व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया सेल्टर होम सफाई रखी जायें तथा नियमित रूप से सेनेटाइजेशन एवं फागिंग भी कराई जाये। सेल्टर होम में आ रहें लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जाये तथा प्रतिकूल स्थिति पाये जाने पर जिला चिकित्साधिकारी को अवगत कराया जायें।

5–नगर निगम द्वारा घर बैठे ही विभिन्न रोगो से उपचार हेतु फोन पर चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार की उपलब्ध कराई गई सुविधा का नगरवासियों द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिशयन शाखा, शाहजहॉपुर (आई0एम0ए0), इंडियन इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिशयन, (आई0आई0एम0ए0) नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल, एसोसिशयन, (नीमा) तथा जनपद के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवायें दी जा रही है। नगरवासियों द्वारा इस व्यवस्था का स्वागत किया जा रहा है। आज डा0 गौरव कौशल,डा0 सै0 अनवार, डा0 अंकित गुप्ता, डा0 मृदुल कुमार सक्सेना, डा0 ओ0पी0 गौतम,एस0पी0 कौशल टेलीमेडिसिन सेन्टर में टेलीफोन के माध्यम से नगरवासियों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर वासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये चिकित्सा सम्बन्धी समस्या के समाधान के लिये शहर के प्रसिद्ध चिकित्सको से परामर्श प्राप्त कर इस सुविधा लाभ उठायें।

6–नगर निगम द्वारा कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नं0 5842–225437 तथा 7355338008 पर नगरवासियों द्वारा अपनी समस्यायें दर्ज कराई जा रही है। जिनका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक कुल 762 व्यक्तियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्यायें दर्ज कराई गई है। जिसमें 733 शिकायतो का निस्तारण हो गया। शेष 29 की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा, अनुवश्रण तथा नगरवासियो से फीडवैक भी प्राप्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये नगर निगम से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिये इस सुविधा लाभ उठायें।

7–कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के दृष्टिगत वर्तमान समय में चल रहे लॉकडाउन की अवधि में बाजार, होटल आदि बन्द होने तथा लोगो की आवाजाही बन्द होने के कारण शहर में धूम रहे बंदरो एवं अन्य पशु पक्षियों के लिये खाने एवं पीने के लिये कठिनाई उत्पन्न हुई है। आज दिनांक 19.5.2020 को नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार ''कपि एवं श्वान सेवा के अन्तर्गत शहर में धूम रहे भूखे बंदरों को खाद्य पदार्थ खिलाये गये। ''कपि एवं श्वान सेवा के अन्तर्गत शहर विभिन्न क्षेत्रों में धूम रहे बंदरों को प्रतिदिन खिलाने की व्यवस्था की गई है। श्री आशुतोष कुमार दुबे सहायक नगर आयुक्त, श्री वी0एन0 द्विवेदी महाप्रबन्धक (जल), श्री सूरज प्रजापति अवर अभियन्ता (जल), श्री उमेश कुमार अवर अभियन्ता (जल) उपस्थित थे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
19/5/2020

Generated by CamScanner